Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

**SET – 1**

**Series : GBM/1**

**कोड नं.**
**Code No.** **61/1/1**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(1)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3*** ***दो*** *अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(3) प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***9*** ***चार*** *अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । परीक्षार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

*(4) प्रश्न संख्या* ***10*** *मूल्य आधारित प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है, यह प्रश्न भी* ***चार*** *अंक का है ।*



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

(5) *प्रश्न संख्या **11** से **13** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(6) *प्रश्न संख्या **14** से **16** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

(7) *प्रश्न संख्या **17** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । परीक्षार्थियों को मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के अन्दर नत्थी करना चाहिए ।*

***General Instructions :***

(1) *Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

(2) *Answer to question nos. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(3) *Answer to question nos. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words. Students should attempt only **5** questions in this section.*

(4) *Question **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory** question.*

(5) *Answer to question nos. **11** to **13** carrying **8** marks should not exceed **350** words.*

(6) *Questions **14** to **16** are source based questions and have no internal choice.*

(7) *Question **17** is a Map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer sheet.*

## खण्ड – क

## PART – A

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

Answer **all** the questions given below :

1. "हड़प्पा स्थलों से मिले शवाधान, विशेष संस्कृति के लोगों के बीच आर्थिक और सामाजिक भिन्नताएँ प्रकट करते हैं ।" अपने उत्तर की पुष्टि दो साक्ष्यों के आधार पर कीजिए । **2**

   "The burials in Harappan sites reveal the economic and social differences amongst the people living within a particular culture." Give two evidences in support of your answer.

2. मुग़ल भारत में भूमि स्वामित्व के बारे में बर्नियर का विरोध क्यों था ? परख कीजिए । **2**

   Examine why Bernier was against the idea of crown ownership of land in Mughal India.

3. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त के बाद बहुत सी जमींदारियाँ क्यों नीलाम कर दी गई ? दो कारण दीजिए । **2**

   Why were many Zamindaris auctioned after the Permanent Settlement in Bengal ? Give two reasons.



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड – ख

## PART – B

### अनुभाग – I

### SECTION – I

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 5 = 20**

Answer any **five** of the following questions :

4. हड़प्पा की सभ्यता के पतन को स्पष्ट करने के लिए कौन से साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं ? **4**

   What evidences have been put forward to explain the collapse of the Harappan Civilization ?

5. मौर्य साम्राज्य के इतिहास की पुनर्रचना के लिए इतिहासकारों द्वारा प्रयुक्त किए गए स्रोतों को स्पष्ट कीजिए । **4**

   Explain the sources used by historians to reconstruct the history of Mauryan Empire.

6. 'कबीर पहले और आज भी उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जो सत्य की खोज में रूढ़िवादी सामाजिक संस्थाओं और विचारों को प्रश्नवाचक दृष्टि से देखते हैं ।' स्पष्ट कीजिए । **2 + 2 = 4**

   'Kabir was and is to the present a source of inspiration for those who questioned entrenched social institutions and ideas in their search for divine.' Explain.

7. "मुग़ल शासकों द्वारा अभिजात वर्ग में भर्ती विभिन्न नृ-जातीय तथा धार्मिक समूहों से सावधानीपूर्वक की जाती थी ।" न्यायसंगत ठहराइए । **4**

   "The nobility was recruited consciously by the Mughal rulers from diverse ethnic and religious groups." Justify.

8. उन परिस्थितियों की परख कीजिए, जिन्होंने 1859 में अंग्रेजों को 'परिसीमन क़ानून' बनाया । **4**

   Examine the circumstances that led to the passing of 'Limitation Laws' by the British in 1859.



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

9. 1857 के विद्रोहियों के बीच एकता स्थापित करने के लिए जो तरीके अपनाए गए उन्हें उजागर कीजिए । **4**

Highlight the measures taken to ensure unity among the rebels of 1857.

**अनुभाग – II**

**SECTION – II**

**मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)**

**Value Based Question (Compulsory)** **4 × 1 = 4**

10. निम्नलिखित अनुच्छेद का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा । लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज़्यादा फिक्र करनी चाहिए । यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है । सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए । यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की ज़रा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है ।"

ऊपर दिए गए अनुच्छेद के प्रकाश में एक लोकतांत्रिक देश के निष्ठावान नागरिक में जो मूल्य होने चाहिए, उन्हें उजागर कीजिए ।

Read the following passage and answer the question that follows :

"For the success of democracy one must train oneself in the art of self discipline. In democracies one should care less for himself and more for others. There can't be any divided loyalty. All loyalties must exclusively be centered round the state. If in a democracy, you create rival loyalties or you create a system in which any individual or a group, instead of suppressing his extravagance cares not for larger or other interests, then democracy is doomed."

In the light of the above passage highlight the values which a loyal citizen of a democratic country should uphold.



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड – ग

## PART – C

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

## Long Answer Questions

**8 × 3 = 24**

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Answer **all** the questions given below :

11. "महाभारत बंधुता, विवाह तथा पितृवंशिक की एक कहानी है ।" इस कथन की परख कीजिए ।

**अथवा**

"भारतीय उपमहाद्वीप में विविधताओं के कारण हमेशा से ही लोगों के रीतिरिवाज ऐसे रहें जो 600 ई.पू. से 600 ई. तक ब्राह्मणीय विचारों से प्रभावित नहीं हुई थीं ।" कथन की परख कीजिए ।

"The Mahabharata is a story of kinship, marriages and patriliny." Examine the statement.

**OR**

"Because of the diversity of the Indian subcontinent there have always been populations whose social practices were not influenced by the Brahminical ideas during 600 BCE – 600 CE." Examine the statement.

12. विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केंद्र में संरचना महानवमी डिब्बा के साथ जुड़े अनुष्ठानों और प्रथाओं की पहचान कीजिए ।

**अथवा**

विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केन्द्र में विरुपाक्ष मंदिर तथा विट्ठल मंदिर की विशिष्ट विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । **5 + 3 = 8**

Identify the rituals and practices associated with the Mahanavami Dibba, a structure in the Royal Centre of Vijayanagara Empire.

**OR**

Outline the distinctive features of the Virupaksha temple and the Vitthala temple in the Royal Centre of Vijayanagara Empire.



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

13. असहयोग आंदोलन ने गांधीजी को एक राष्ट्रीय नेता किस प्रकार बनाया ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कुछ विद्वान ऐसा क्यों मानते हैं कि भारत का बँटवारा एक सांप्रदायिक राजनीति का आखिरी बिन्दु था ? स्पष्ट कीजिए ।

Explain how Non-Cooperation Movement made Gandhiji a national leader.

**OR**

Explain why some scholars see partition of India as the culmination of communal politics.

## खण्ड – घ

## PART – D

**(स्रोत आधारित प्रश्न)**

**(Source Based Questions)** **7 × 3 = 21**

14. निम्नलिखित उद्धरण का सावधानीपूर्वक पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**महल के बाहर की दुनिया**

जैसे बुद्ध के उपदेशों को उनके शिष्यों ने संकलित किया वैसे ही महावीर के शिष्यों ने किया । अक्सर ये उपदेश कहानियों के रूप में प्रस्तुत किए जाते थे जो आम लोगों को आकर्षित करते थे । यह उदाहरण *उत्तराध्ययन सूत्र* नामक एक ग्रंथ से लिया गया है । इसमें कमलावती नामक एक महारानी अपने पति को संन्यास लेने के लिए समझा रही है :

अगर संपूर्ण विश्व और वहाँ के सभी खज़ाने तुम्हारे हो जाएँ तब भी तुम्हें संतोष नहीं होगा, न ही यह सारा कुछ तुम्हें बचा पाएगा । हे राजन् ! जब तुम्हारी मृत्यु होगी और जब सारा धन पीछे छूट जाएगा तब सिर्फ धर्म ही, और कुछ भी नहीं, तुम्हारी रक्षा करेगा । जैसे एक चिड़िया पिंजरे से नफ़रत करती है वैसे ही मैं इस संसार से नफ़रत करती हूँ । मैं बाल-बच्चे को जन्म न देकर निष्काम भाव से, बिना लाभ की कामना से और बिना द्वेष के एक साध्वी की तरह जीवन बिताऊँगी...

जिन लोगों ने सुख का उपभोग करके उसे त्याग दिया है, वायु की तरह भ्रमण करते हैं, जहाँ मन करे स्वतंत्र उड़ते हुए पक्षियों की तरह जाते हैं...

इस विशाल राज्य का परित्याग करो.... इंद्रिय सुखों से नाता तोड़ो, निष्काम अपरिग्रही बनो, तत्पश्चात तेजमय हो घोर तपस्या करो....

(14.1) बुद्ध और महावीर के उपदेशों को किसने संकलित किया ? **2**

(14.2) महारानी ने अपने पति को संन्यास लेने के लिए किस प्रकार समझाया ? **2**

(14.3) जैन धर्म के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए । **3**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The world beyond the palace**

Just as the Buddha's teachings were compiled by his followers, the teachings of Mahavira were also recorded by his disciples. These were often in the form of stories, which could appeal to ordinary people. Here is one example, from a Prakrit text known as the *Uttaradhyayana Sutta*, describing how a queen named Kamalavati tried to persuade her husband to renounce the world :

If the whole world and all its treasures were yours, you would not be satisfied, nor would all this be able to save you. When you die, O king and leave all things behind, *dhamma* alone, and nothing else, will save you. As a bird dislikes the cage, so do I dislike (the world). I shall live as a nun without offspring, without desire, without the love of gain, and without hatred….

Those who have enjoyed pleasures and renounced them, move about like the wind, and go wherever they please, unchecked like birds in their flight …

Leave your large kingdom … abandon what pleases the senses, be without attachment and property, then practice severe penance, being firm of energy …

(14.1) Who compiled the teachings of Buddha and Mahavira ? **2**

(14.2) Explain how did the queen try to convince her husband to renounce the world. **2**

(14.3) Describe any three principles of Jainism. **3**

15. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**पेड़ों और खेतों की सिंचाई**

यह बाबरनामा से लिया गया एक अंश है जो सिंचाई के उन उपकरणों के बारे में बताता है जो इस बादशाह ने उत्तर भारत में देखे :

हिंदुस्तान के मुल्क का ज़्यादातर हिस्सा मैदानी ज़मीन पर बसा हुआ है । हालांकि यहाँ शहर और खेती लायक ज़मीन की बहुतायत है, लेकिन कहीं भी बहते पानी (का इंतज़ाम) नहीं.... वे इसलिए... कि फ़सल उगाने या बागानों के लिए पानी की बिलकुल ज़रूरत नहीं है । शरद ऋतु की फ़सलें बारिश के पानी से पैदा हो जाती हैं और ये हैरानी की बात है कि बसंत ऋतु की फसले तो तब भी पैदा हो जाती है जब बारिश बिलकुल ही नहीं होती । (फिर भी) छोटे पेड़ों तक बालटियों या रहट के ज़रिये पानी पहुँचाया जाता है...

लाहौर, दीपालपुर (दोनों ही आज के पाकिस्तान में) और ऐसी दूसरी जगहों पर लोग रहट के ज़रिये सिंचाई करते हैं । वे रस्सी के दो गोलाकार फ़ंदे बनाते हैं जो कुएँ की गहराई के मुताबिक लंबे होते हैं । इन फ़ंदों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर वे लकड़ी के गुटके लगाते हैं और इन गुटकों पर घड़े बाँध देते हैं । लकड़ी के गुटकों और घड़ों से बँधी इन रस्सियों को कुएँ के ऊपर पहियों से लटकाया जाता है । पहिये की धुरी पर एक और पहिया । इस अंतिम पहिये को बैल के ज़रिये घुमाया जाता है; इस पहिये के दाँत पास के दूसरे पहिये के दाँतों को जकड़ लेते हैं और इस तरह घड़ों वाला पहिया घूमने लगता है । घड़ों से जहाँ पानी गिरता है, वहाँ एक संकरा नाला खोद दिया जाता है और इस तरीके से हर जगह पानी पहुँचाया जाता है ।

आगरा, चाँदवर और बयाना (आज के उत्तर प्रदेश में) में और ऐसे अन्य इलाकों में भी, लोगबाग बालटियों से सिंचाई करते हैं । कुएँ के किनारे पर वे लकड़ी के कन्ने गाड़ देते हैं, इन कन्नों के बीच बेलन टिकाते हैं, एक बड़ी बालटी में रस्सी बाँधते हैं, रस्सी को बेलन पर लपेटते हैं और इसके दूसरे छोर को बैल से बाँध देते हैं । एक शख़्स को बैल हाँकना पड़ता है, दूसरा बालटी से पानी निकालता है ।

(15.1) सम्राट द्वारा अनुभव की गई सिंचाई प्रौद्योगिकी की व्याख्या कीजिए । **2**

(15.2) सिंचाई की आवश्यकता क्या थी ? **2**

(15.3) भारत में कृषि के विस्तार के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । **3**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

**Irrigating trees and fields**

This is an excerpt from the Baburnama that describes the irrigation devices the emperor observed in Northern India :

The greater part of Hindustan country is situated on level land. Many though its towns and cultivated lands are, it nowhere has running waters … For … water is not at all a necessity in cultivating crops and orchards. Autumn crops grow by the downpour of the rains themselves; and strange it is that spring crops grow even when no rains fall. (However) to young trees water is made to flow by means of buckets or wheels ….

In Lahore, Dipalpur (both in present-day Pakistan) and those other parts, people water by means of a wheel. They make two circles of rope long enough to suit the depths of the well, fix strips of wood between them, and on these fasten pitchers. The ropes with the wood and attached pitchers are put over the wheel-well. At one end of the wheel-axle a second wheel is fixed, and close to it another on an upright axle. The last wheel the bullock turns; its teeth catch in the teeth of the second (wheel), and thus the wheel with the pitchers is turned. A trough is set where the water empties from the pitchers and from this the water is conveyed everywhere.

In Agra, Chandwar, Bayana (all in present-day Uttar Pradesh) and those parts again, people water with a bucket … At the well-edge they set up a fork of wood, having a roller adjusted between the forks, tie a rope to a large bucket, put the rope over a roller, and tie its other end to the bullock. One person must drive the bullock, another empty the bucket.

(15.1) Explain the irrigation technology as observed by the Emperor. **2**

(15.2) What was the necessity of irrigation ? **2**

(15.3) Explain any three factors which are responsible for the expansion of agriculture in India. **3**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

16. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पलायन**

1857 में ब्रिटिश सेना द्वारा शहर पर अधिकार करने के बाद दिल्ली के लोगों ने क्या किया, इसका वर्णन प्रसिद्ध शायर मिर्ज़ा ग़ालिब इस प्रकार करते हैं :

दुश्मन को पराजित करने और भगा देने के बाद, विजेताओं (ब्रिटिश) ने सभी दिशाओं से शहर को उजाड़ दिया । जो सड़क पर मिले उन्हें काट दिया गया... । दो से तीन दिनों तक कश्मीरी गेट से चाँदनी चौक तक शहर की हर सड़क युद्धभूमि बनी रही । तीन द्वार - अजमेरी, तुर्कमान तथा दिल्ली - अभी भी विद्रोहियों के क़ब्जे में थे.... । इस प्रतिशोधी आक्रोश तथा घृणा के नंगे नाच से लोगों के चेहरों का रंग उड़ गया, और बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएँ... इन तीनों द्वारों से हड़बड़ा कर पलायन करने लगे । शहर के बाहर छोटे गाँवों और देवस्थलों में शरण ले अपनी वापसी के अनुकूल समय का इंतज़ार करते रहे ।

(16.1) मिर्ज़ा ग़ालिब कौन था ? उसने क्या वर्णित किया है ? **2**

(16.2) ब्रिटिश ने दिल्ली पर आक्रमण क्यों किया ? दो कारण लिखिए । **2**

(16.3) दिल्ली से लोगों ने क्यों पलायन किया और उन्होंने कहाँ शरण ली ? **3**

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

**Escaping to the countryside**

This is how the famous poet Mirza Ghalib described what the people of Delhi did when the British forces occupied the city in 1857 :

Smiting the enemy and driving him before them, the victors (i.e., the British) overran the city in all directions. All whom they found in the street they cut down … For two to three days every road in the city, from the Kashmiri Gate to Chandni Chowk, was a battlefield. Three gates – the Ajmeri, the Turcoman and the Delhi – were still held by the rebels … At the naked spectacle of this vengeful wrath and malevolent hatred the colour fled from men's faces, and a vast concourse of men and women … took to precipitate flight through these three gates. Seeking the little villages and shrines outside the city, they drew breath to wait until such time as might favour their return.

(16.1) Who was Mirza Ghalib ? What did he describe ? **2**

(16.2) Why did British attack Delhi ? Give two reasons. **2**

(16.3) How did the people escape from Delhi and where did they take shelter ? **3**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड – ङ

## PART – E

### मानचित्र प्रश्न / Map Question

17. (17.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए तथा उनके नाम लिखिए : **1 × 2 = 2**

(क) अजमेर – मुग़लों के अधीन एक क्षेत्र

(ख) ग्वालियर – 1857 के विद्रोह का केन्द्र

(17.2) भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर विकसित हड़प्पा स्थलों को A, B और C से दिखाया गया है । उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **1 × 3 = 3**

(17.1) On the given outline political map of India locate and label the following with appropriate symbols : **2**

(a) Ajmer, a territory under Mughals.

(b) Gwalior, a centre of the Revolt of 1857.

(17.2) On the same map three places related to the mature Harappan sites has been marked as A, B, C. Identify them and write their names correctly on the lines drawn near them. **3**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर है :

(17.1) मुग़लों के अधीन किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए ।

(17.2) मध्य प्रदेश से किसी एक 1857 के विद्रोह के केन्द्र का नाम लिखिए ।

(17.3) किन्हीं तीन विकसित हड़प्पा स्थलों का उल्लेख कीजिए । **1 + 1 + 3 = 5**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. **17**.

(17.1) Mention any one territory under the Mughals.

(17.2) Name any one centre of the Revolt of 1857 from Madhya Pradesh.

(17.3) Mention any three mature Harappan sites. **1 + 1 + 3 = 5**




Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. 17 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 17






Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE